P372
आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
राष्ट्रपिता को नमन...
dainikindoresanket24@gmail.com
इंदौर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025
■ वर्ष : 4 ■ अंक : 291 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2





# 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकालेश्वर मंदिर में सबसे पहले दीपावली का पर्व मनाने की परंपरा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सोमवार सुबह भस्म आरती में भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना कर दीपावली का शुभारंभ किया गया।

सोमवार सुबह महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के दौरान दिवाली मनाई गई। सुबह भस्म आरती के दौरान सबसे पहले पुजारी परिवार की महिलाओं ने भगवान महाकाल को केसर और चंदन का उबटन लगाया। फिर गर्म पानी से भगवान का स्नान हुआ। इसके बाद अन्नकूट का भोग लगाकर फुलझड़ी से आरती उतारी गई और दीपावली का पर्व मनाया गया।

# दीप पर्व के मौके पर राजवाड़ा में तैनात रहेगा फायर टैंकर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा रविवार प्रात: काल शहर के प्रमुख बाजारों एवं पटाखा बाजारों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई तथा निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुक्त यादव ने शहर के मध्य स्थित मुख्य बाजार क्षेत्र राजवाड़ा, सराफा, पीपली बाजार, बर्तन बाजार, मारोठिया बाजार, रानीपुरा आदि स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा बाजारों में उपस्थित रेहड़ी-पटरी संचालकों और दुकानदारों से चर्चा की उन्होंने व्यवसाय करने के साथ दुकान से निकलने वाला कचरा एकत्रित कर निगम की



गाड़ी मे देने के लिए समझाइश भी दी। आयुक्त ने संबंधित क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि दीपावली पर्व के दौरान बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रात: काल में पब्लिक नहीं रहती है इसलिए सुबह जल्दी सफाई करने के साथ ही दिन में भी अलग-अलग शिफ्टों में सफाई मित्रों एवं निगम के संसाधनों को लगाकर बाजार क्षेत्र में निरंतर सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों और खरीदारों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। आयुक्त यादव ने दुकानदारों एवं रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन में ही दें और सड़क या नालियों में कचरा न फेंके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ इंदौर की पहचान बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। फायर सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण के दौरान आयुक्त यादव द्वारा सराफा एवं राजवाड़ा क्षेत्र में उपयुक्त स्थानों पर फायर टैंकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी आकस्मिक घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके पश्चात आयुक्त श्री यादव ने चिमनबाग एवं दशहरा मैदान रीजनल पार्क स्थित पटाखा बाजारों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की सफाई व्यवस्था एवं फायर सुरक्षा के इंतजामों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र में पर्याप्त फायर फाइटिंग उपकरण, पानी की टंकियां, और सुरक्षा कर्मी तैनात रहें । निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री यादव ने पटाखा विक्रेताओं से चर्चा करते हुए उन्हें भी निर्देशित किया कि प्रत्येक दुकान के सामने पानी की कोठिया रखें और कम से कम एक फायर फाइटर उपलब्ध रखें। इसी क्रम में आयुक्त ने एक पटाखा दुकान के सामने लगे फायर फाइटर को चलवाकर उसकी सक्रियता की जांच भी की।

# एक उठावना ऐसा भी, त्यौहार होने के कारण नहीं की रिश्तेदारों-परिचितों को शवयात्रा की खबर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • साहित्य और रंगकर्म से जुड़े इंदौर के प्रतिष्ठित पटेल परिवार ने अपने घर में हुई गमी में एक अनूठी मिसाल स्थापित की। साहित्यकार नरहरि पटेल की पत्नी और रंगकर्मी संजय पटेल की माताजी शकुंतला पटेल का शुक्रवार को निधन हो गया। दीपपर्व को देखते हुए पटेल परिवार ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को खबर नहीं की। इससे ज्यादातर रिश्तेदारों व परिचितों को उनके निधन का पता ही नहीं चला। उन्हें सीधे रविवार को हुए उठावने की खबर मिली।

साहित्यकार नरहरि पटेल ने यह फैसला लिया था कि त्योहार का समय होने के कारण सब व्यस्त हैं, वे परेशान होंगे, इसलिए सबको खबर मत दो। संजय ने पिता की बात मानी और



शवयात्रा की जानकारी सीमित रखी। हालांकि, यह फैसला पटेल परिवार से स्नेह रखने वाले परिचितों को नागवार भी गुजरा, वे शवयात्रा में भी शामिल होना चाहते थे, लेकिन कई लोगों ने लीक से हटकर लिए गए इस फैसले की प्रशंसा भी की। संजय पटेल ने अपने चुनिंदा दोस्तों, रिश्तेदारों और आस पड़ोसियों के साथ मां का अंतिम संस्कार किया। रिश्तेदारों को शवयात्रा का संदेश सोशल मीडिया में चलाने से भी मना किया।

### शोक बैठक भी नहीं रखी

रविवार को उठावने का समय भी मात्र आधे घंटे का रखा गया। शाम चार से साढ़े चार बजे तक हुए उठावने में शहर के कई गणमान्य नागरिक, संगीतप्रेमी पहुंचे और शकुंलता पटेल के निधन पर शोक जताया। उत्सवी वेला के कारण उठावने के बाद कोई शोक बैठक भी नहीं करने के फैसला पटेल परिवार ने लिया है।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सतत जुड़े रहे उपभोक्ता

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • पश्चिम मप्र में हजारों उपभोक्ता पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जुड़ते जा रहे हैं। वर्तमान में निम्न दाब और उच्च दाब उपभोक्ता के यहां 42 हजार से अधिक स्थानों पर सोलर रूफ टॉप संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। पिछले वर्ष से लागू पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत मालवा निमाड़ में 24 हजार पांच सौ से ज्यादा उपभोक्ताओं को रूफ टॉप सोलर लगाने पर 185 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की जा चुकी हैं। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पर्यावरण हित, बिल में बचत और स्वयं के



उपयोग की बिजली खुद पर तैयार करने की भावना के साथ हो रहे प्रेरक कार्य करने वाले उपभोक्ताओं को बधाई दी हैं।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत व्यापक प्रचार प्रसार कर हजारों नए उपभोक्ताओं को रूफ टॉप सोलर से जोड़ने का कार्य सतत जारी हैं, कंपनी की कुल रूफ टॉप सोलर नेट मीटर क्षमता अब 310 मैगावाट से ज्यादा हो गई है। कंपनी क्षेत्र में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से संबंद्ध उपभोक्ता 24 हजार पांच सौ से ज्यादा है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में प्रति उपभोक्ता 78 हजार तक सब्सिडी दी जाती है, अब तक 185 करोड़ रूपए से ज्यादा की सब्सिडी दी जा चुकी है। प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि रूफ टॉप सोलर से सबसे ज्यादा उपभोक्ता इंदौर शहर सीमा अंतर्गत कुल 21600 जुड़ चुके हैं।

# ऑटो, टैक्सी के मनमाने किराया वसूलने की शिकायत हेल्पलाइन पर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • यातायात पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर कल मिली 11 शिकायतों में से एक शिकायत ऑटो, टैक्सी चालकों के मनमाने किराया वसूलने की है। अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया है। 9 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। बीआरटीएस में गाड़ी चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने और कारें रोड़ पर खड़ी करने संबंधी शिकायत भी मिली है। अब तक कुल 569 शिकायतें इस नंबर पर मिली है, जिसमें 542 का निराकरण कर दिया गया है।

**20 भारी वाहनों से वसूले 1 लाख रुपए**-नो इंट्री में भरी वाहनों के प्रवेश पर यातायात पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए 20 वाहनों पर जुर्माना लगाकर 1 लाख रुपये का समन शुल्क वसूला है। साथ ही उन्हें हिदायत दी गई कि प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें।

**शहर में चप्पे-चप्पे पर नजर**-त्यौहारों के मद्देनजर हालांकि यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों पर थोड़ी नरमी बरती जा रही है, फिर भी शहर के विभिन्न चौराहों पर पुलिस नजर आ रही है, वहीं पीसीआर वैन भी लगातार प्रमुख मार्गों पर नजर आ रही है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति या होने वाली घटनाओं को रोका जा सके।

# चर्चित किन्नर विवाद : सपना हाजी गिरफ्तार, 3 मुख्य आरोपियों पर 30 हजार का इनाम घोषित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के चर्चित किन्नर विवाद मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में हुई इस सनसनीखेज घटना में फरार चल रहे तीनों मुख्य आरोपियों पर पुलिस ने नकद इनाम घोषित किया है। अधिकारियों ने बताया कि पंकज जैन, अक्षय कुमायूं और राजा हाशमी तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अब 10-10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई है।

दरअसल, कुछ दिन पहले पंढरीनाथ क्षेत्र में रहने वाले 24 किन्नरों ने एक साथ जहरीला पदार्थ पी लिया था। इस घटना से पूरे शहर में हड़कंप मच गया था। कई किन्नरों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि इन आरोपियों ने किन्नरों को लगातार ब्लैकमेल और धमकाकर परेशान किया था। इसी तनाव के चलते यह बड़ा कदम उठाया गया।

**किन्नर सपना हाजी गिरफ्तार, तीन फरार**-घटना के बाद पुलिस ने किन्नर सपना हाजी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीनों आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस की कई टीमें लगातार शहर के अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ा जाएगा और पूरे मामले की सच्चाई सामने लाई जाएगी।

### सूचना देने वाले को मिलेगा इनाम

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर डीसीपी जोन-4 ने तीनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति को इनाम देने की घोषणा की है। यदि कोई व्यक्ति ऐसी सूचना देता है तो उसे 10 हजार रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा। बता दें कि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में शहर के अलावा आसपास के जिलों में भी दबिश दे रही है।

# चांटा मारने का बदला लेने के लिए मंत्री समर्थक की हत्या

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मल्हारगंज थाना क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समर्थक अंकित की हत्या में पुलिस ने दोनों आरोपितों को पकड़ लिया। आरोपितों ने चांटा मारने का बदला हत्या कर लेना कबूला है। उधर अंकित के स्वजन पुलिस से नाराज है। रविवार को थाने का घेराव कर जुलूस निकालने और पर्दे के पीछे छुपे आरोपितों को पकड़ने की मांग की।

बड़ा गणपति चौराहा के समीप शुक्रवार रात तेली बाखल निवासी राहुल उर्फ अंकित राठौर की आरोपित राजेश शर्मा उर्फ राजू पंडित पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी तेली बाखल और राकेश शर्मा उर्फ लालू पंडित पुत्र श्यामलाल तिवारी निवासी समाजवाद इंदिरा नगर ने कैंची घोंपकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने शनिवार रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी जोन-1 कृष्ण लालचंदानी के अनुसार आरोपित लालू से अंकित का पूर्व में भी विवाद हुआ था। अंकित ने लालू को चांटा मारा था।

शुक्रवार को राजू ने अंकित को समझाया तो उसके साथ भी अभद्रता की। दोनों में विवाद बढ़ा और लालू व राजू ने कैंची से हमला कर अंकित की हत्या कर दी। रविवार को अंकित के स्वजन,रिश्तेदार और दोस्तों ने मल्हारगंज थाने का घेराव किया। उन्होंने आरोपितों का जुलूस निकालने, हाथ पैर और घर तोड़ने की मांग की। स्वजन ने कहा लालू और राजू तो हत्या करने वाले है।

# धरावरा धाम पर दीपोत्सव का शुभारंभ, अन्नकूट महोत्सव 28 को

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • धार रोड स्थित श्री धरावरा धाम पर दीपोत्सव की शुरुआत शनिवार को आश्रम के महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में भगवान धनवन्तरी के पूजन के साथ हुई। आश्रम पर दीपोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन मंगलवार, 28 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजे से हनुमानजी को 56 भोग समर्पण, श्रृंगार दर्शन, महाआरती एवं प्रसादी के साथ होगा। मुख्य यजमान डॉ. सुरेश चौपड़ा एवं नानूराम चौधरी मनोनीत किए गए हैं।

# कल मनाएंगे गोवर्धन पूजा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा की 26 कालोनियों से जुड़े 500 से अधिक अग्रवाल परिवारों के बंधु 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा का विशेष उत्सव मनाएंगे। इसके लिए पालदा स्थित वरूण विक्ट्री परिसर में विशेष व्यवस्था की जा रही है। सभी अग्रवाल परिवार इस उत्सव में गोबर से गोवर्धन पर्वत एवं भगवान श्रीनाथजी की आकृति बनाकर सुबह 10 से 12 बजे तक उनकी पूजा-अर्चना करेंगे। इस दौरान सभी परिवारों से एक-एक व्यंजन अपने-अपने घरों से बनाकर लाने और अन्नकूट महोत्सव मनाने का आग्रह भी किया गया है। हाइवे क्षेत्र पालदा के प्रमुख अरविंद बागड़ी ने बताया कि हाईवे क्षेत्र के अधिकांश अग्रवाल परिवार शहर से लगे बाहरी क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं और सभी त्यौहारों को एक साथ मनाने के अपने संकल्प के अनुसार इस बार गोवर्धन पूजा के लिए भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। पिछले डेढ़ वर्षों से संगठन से जुड़े समाजबंधु एक साथ सभी त्यौहार मनाते आ रहे हैं।

# गीता भवन में दीपावली के उपलक्ष्य में महालक्ष्मी पूजन एवं हवन कल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर परंपरागत दीपावली महापर्व पर महालक्ष्मी पूजन एवं हवन का अनुष्ठान लक्ष्मी मंदिर में समाजसेवी नारायण हरि चौधरी परिवार द्वारा मंगलवार, 21 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं मनोहर बाहेती ने बताया कि गीता भवन में बुधवार, 22 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे से राम दरबार मंदिर में 56 भोग समर्पित कर अन्नकूट के दर्शन एवं आरती के आयोजन होंगे तदपश्चात प्रसाद वितरण होगा।

# शराब कारोबार से करोड़पति बनते आबकारी अधिकारी, भदौरिया के पहले खरे, जामोद और चंद्रावत भी मिले थे करोड़पति

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आलीराजपुर से रिटायर हुए जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह भदौरिया इकलौते अधिकारी नहीं हैं, जो शराब कारोबार से करोड़पति बने हैं। शराब कारोबार में सरकारी नौकरी करते-करते पहले भी कई अधिकारियों ने जमकर मलाई कूटी है।

लोकायुक्त के छापे में इससे पहले इंदौर में ही सहायक आयुक्त रह चुके आलोक खरे के साथ ही नवल सिंह जामोद, पराक्रम सिंह चंद्रावत पर भी छापे मारे गए थे। इस दौरान इनके यहां अकूत संपत्तियां मिली थीं। हाल ही में सरकार ने इनके खिलाफ लोकायुक्त केस में अभियोजन की मंजूरी दी है। इसके बाद सरकार ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है।



लोकायुक्त ने 2019 में भोपाल, इंदौर, रायसेन और छतरपुर में आलोक खरे के सात ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान करीब 150 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्ति का खुलासा हुआ था। छापों में नकदी, सोना, फार्महाउस, बंगले और पेंटहाउस के दस्तावेज बरामद हुए थे। जांच में यह भी सामने आया था कि रायसेन के फार्महाउस में फलों की खेती से आय बताई गई थी। इसके बावजूद जिन ट्रकों से फल ढोने का दावा था, वे वास्तव में ऑटो-रिक्शा के नंबर पर पंजीकृत थे। छापेमारी के दौरान तीन किलो सोना बरामद किया गया था। धार में पदस्थ रहे जिला आबकारी अधिकारी चंद्रावत के यहां सात साल पहले लोकायुक्त ने छापा मारा था। इसमें घर से 18 लाख की लग्जरी घड़ी मिली थी। उनके बंगले में 90-90 लाख की तीन लग्जरी कार भी थीं। चंद्रावत स्वर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह कालूखेड़ा के भतीजे हैं। चंद्रावत शहीद पिता के बाद 2001 में नौकरी में आए थे। उनकी संपत्ति 50 करोड़ से अधिक बताई गई। घर से एक करोड़ कीमत के गहने भी मिले थे। लंबी-चौड़ी जमीन भी मिली। आबकारी उपायुक्त पद पर रहे नवल सिंह जामोद के यहां साल 2014 में छापा हुआ था, जब उनके पास आय से अधिक संपत्ति मिली थी। हालत यह थी कि वह जिस बिस्तर पर सोते थे उसके नीचे ही नोटों के बंडल मिले थे। इंदौर में तीन मंजिला मकान, धार में प्लॉट, झाबुआ और कुक्षी में अचल संपत्तियां पाई गई थीं। साथ ही 32 लाख नकद भी मिले थे। अब लोकायुक्त ने 15 अक्टूबर को धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पर छापा मारा है। इसमें अभी तक 25 करोड़ की संपत्ति सामने आ चुकी है। घर की एक ही अलमारी से 5.48 करोड़ का सोना, चांदी तथा 1.13 करोड़ नकदी मिली है। एक ही लॉकर से 79 लाख के सोने के गहने और मिले हैं। करोड़ों की अचल संपत्तियां भी सामने आई हैं।



# संस्था मातृभूमि ने बच्चों के साथ मनाई सार्थक दीपावली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • संस्था मातृभूमि ने सेवा बस्तियों में 500 से अधिक बच्चों के संग सार्थक दीपावली मनाई, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। संस्था अध्यक्ष सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि इस वर्ष भी संस्था ने शहर की अलग-अलग सेवा बस्तियों में 500 से अधिक बच्चों को कपड़े, पटाखे और मिठाई का वितरण किया। बच्चों के संग सार्थक दीपावली मनाते हुए खुशियां बाटी। नए कपड़े, पटाखे और मिठाई मिलते ही बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। संस्था द्वारा लगातार सेवा कार्य किए जाते हैं, जिसमें प्रमुख रूप से निर्धन कन्याओं का विवाह, बच्चों की शिक्षा, कंबलों का वितरण, सकोरों का वितरण, बुजुर्गों की सेवा सहित विभिन्न सेवा कार्य किए जाते है।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, सोमवार 20 अक्टूबर 2025





*इंदौर के हृदय स्थल राजवाड़ा, दशहरा मैदान, बर्तन बाजार, सराफा, मालवा मिल चौराहा, द्वारकापुरी, विजयनगर, खजराना गणेश मंदिर, कालानी नगर में दीपावली की पूजन सामग्री और मिट्टी के दीपक घर की सजावट के लिए प्लास्टिक के फूलों की और गेंदे के फूलों को लेकर पूरे बाजार में दुकानें लगी। इंदौर में राजवाड़ा स्थित महालक्ष्मी मंदिर में आकर्षक सजावट के साथ दर्शनार्थियों के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इस मंदिर में धनतेरस से ही महालक्ष्मी के दर्शन के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। आज भी विशेष श्रृंगार के दर्शन के लिए पहले से ही व्यवस्थाएं चाकचौबंद की जा रही है।*



### अवकाश की सूचना

मंगलवार, 21 अक्टूबर 2025 को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में 'दैनिक इंदौर संकेत' कार्यालय का पूर्ण अवकाश रहेगा। अगला अंक बुधवार, 22 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा। - संपादक

### ब्रेकिंग न्यूज

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने देशवासियों को दी दिवाली की बधाई
- लखनऊ : फर्जी बिल बनाकर कोडीन कफ सिरप बेचने के मामले में श्री श्याम फार्मा पर केस दर्ज
- पीएम मोदी आज गोवा के तट पर भारतीय नौसेना के जवानों के साथ दिवाली मनाएंगे
- ट्रंप के अवैध ड्रग लीडर वाले बयान पर कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो का पलटवार, कहा- वह गुमराह व्यक्ति
- फ्रांस : नेपोलियन युग के आभूषण चोरी, पेरिस का लूवर संग्रहालय बंद
- बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस की चौथी लिस्ट जारी, 6 उम्मीदवारों का ऐलान

# जिला अध्यक्षों को 30 दिन में तैयार करना थी नई टीम, एक भी जिले में नहीं बन पाई

## एआईसीसी ने 24 अगस्त को दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को दिया था नई टीम बनाने का टारगेट

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर ●** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में मप्र के कांग्रेस जिला अध्यक्षों को अगस्त में 30 दिन में जिला और ब्लॉक की नई टीम बनाने का टारगेट दिया था। पचास दिन से ज्यादा हो गए, लेकिन अब तक एक भी जिला अध्यक्ष अपनी नई टीम तैयार नहीं कर पाया है। राहुल गांधी नवंबर में पचमढ़ी आने वाले हैं। वे 2 नवंबर से शुरू हो रहे कांग्रेस जिला अध्यक्षों के आवासीय प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करेंगे। राहुल गांधी के मप्र आगमन को देखते हुए मप्र कांग्रेस कमेटी ब्लॉक एवं जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर हरकत में आ गई है।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने गत 16 अगस्त को मप्र कांग्रेस के सभी 71 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों की घोषणा की थी। इसके बाद 24 अगस्त को नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने संबोधित किया था। बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्षों को 30 दिन में जिला और ब्लॉक की नई टीम बनाने का टारगेट दिया गया था। जिला अध्यक्षों से कहा गया था कि तीन महीने बाद उनका परफॉर्मेंस देखा जाएगा। परफॉर्मेंस रिपोर्ट तय करेगी कि वे आगे जिला अध्यक्ष के पद पर रहेंगे या नहीं। कार्यक्रम में उन्हें संगठन सृजन अभियान के रोडमैप की जानकारी देते हुए पार्टी की भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा की गई थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम हुए 50 दिन से ज्यादा हो गए, लेकिन अब तक किसी जिले के न तो जिला कार्यकारिणी और न ही ब्लॉक कार्यकारिणी गठित हो पाई है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि अगस्त में जब जिलाध्यक्षों घोषणा हुई थी, तब कई जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति का स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था। इंदौर के ग्रामीण जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की नियुक्ति के विरोध में स्थानीय कार्यकर्ता दिल्ली पहुंच गए थे। नए जिला अध्यक्षों का स्थानीय नेताओं से समन्वय नहीं बन पा रहा है, इसलिए कार्यकारिणी के गठन में देरी हो रही है। जिला अध्यक्ष नेताओं को मनाने में जुटे हैं। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले का कहना है कि पिछले महीनों में संगठन से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि ब्लॉक और जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया चल रही है। हमारी कोशिश है कि प्रशिक्षण शिविर से पहले ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित कर दी जाए। जिला कार्यकारिणी शिविर के समापन के बाद घोषित की जाएगी।

## भाजपा में भी दो महीने बाद भी घोषित नहीं हो पाई सभी जिलों की कार्यकारिणी

**भोपाल।** प्रदेश भाजपा अपने संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इसकी शुरुआत भाजपा की जिला कार्यकारिणी के गठन से कर दी है, लेकिन प्रदेश के कुछ जिलों में विवाद के चलते जिला कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने अगस्त के दूसरे सप्ताह में सभी जिलों में ऑब्जर्वर भेजे थे। ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश भाजपा को अपनी 62 जिला कार्यकारिणी का गठन करना है। इनमें से करीब आधे जिलों की कार्यकारिणी का गठन ही भाजपा अब तक कर पाई है। भोपाल सहित कई जिलों की कार्यकारिणी अब तक घोषित नहीं हो पाई है। दरअसल, कुछ जिलों में भाजपा को कार्यकारिणी के गठन में ज्यादा मशक्कत करना पड़ रही है। भाजपा ने सभी जिलों में साल की शुरुआत में जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी थी। इसके बाद से जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया अटकी हुई थी। जिला कार्यकारिणी के गठन की शुरुआत में भी कुछ जिलों में विवाद हो गया था। इसके बाद कुछ पदाधिकारियों से इस्तीफे तक लिए गए थे। वहीं प्रदेश भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी होना है। इसको लेकर सीएम हाउस में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की मौजूदगी में बैठक भी हुई है। बैठक में कार्यकारिणी के गठन को लेकर आगे की रणनीति बनी। भोपाल जिले में भी कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी सिंह पटेल ब्लॉक और जिला कार्यकारिणी के लिए नाम फायनल कर चुके हैं, लेकिन अभी इन पर पीसीसी की मुहर लगना बाकी है।

# दीपावली पर शेयर बाजार में धमाका...

**नई दिल्ली (एजेंसी) ●** दिवाली का जश्न आज भारतीय शेयर बाजार भी मना रहा है। निफ्टी करीब 200 अंक ऊपर चढ़कर 25900 पर कारोबार कर रहा है, जबकि सेंसेक्स में 680 अंक की तेजी आई है। बैंक निफ्टी में भी करीब 400 अंक की तेजी देखी जा रही है। निफ्टी के टॉप 30 शेयरों में से सिर्फ 5 शेयरों में ही गिरावट आई है, बाकी सभी शेयर तेजी दिखा रहे हैं।



रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे ज्यादा की उछाल आई है, जो 2.83 फीसदी चढ़कर 1457 रुपये पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, इंफोसिस और बजाज फिनसर्व के शेयर में करीब 2 फीसदी की रैली है। HDFC बैंक के शेयर में भी 1.50 फीसदी की उछाल आई है। गिरावट की बात करें तो ICICI Bank के शेयर में करीब 2 फीसदी की गिरावट आई है, बाकी शेयरों में मामूली गिरावट है। BSE पर 3,397 एक्टिव शेयरों में से आज 1,949 शेयर तेजी पर कारोबार कर रहे हैं, जबकि 1,235 शेयर गिरावट पर हैं। 213 शेयर अनचेंज हैं और 81 शेयर 52 सप्ताह के हाई पर कारोबार कर रहे हैं। 52 शेयरों में 52 वीक का निचला स्तर देखा जा रहा है। 108 शेयरों में अपर सर्किट है और 78 शेयरों ने लोअर लेवल टच किया है।

# 1700 बेड की बनेगी एमवाय की नई बिल्डिंग

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर ●** एमवाय अस्पताल की दूसरी नई बिल्डिंग के प्लान में बदलाव किया गया है। पहले 1450 बेड की अस्पताल बिल्डिंग बनाई जा रही थी, लेकिन मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब 1700 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। नए अस्पताल को लेकर पिछले दिनों से भोपाल और इंदौर में अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि अभी इसका बजट 773 करोड़ है, उसे भी बढ़ाया जाएगा। मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर अगले 50 साल को देखते हुए प्लान अपडेट किया है। दरअसल अभी रोज 2500 से ज्यादा मरीज ओपीडी में उपचार के लिए आते हैं। इसके अलावा ओपीडी में भी काफी मरीज रहते हैं।



अस्पताल की नई बिल्डिंग तीन ब्लॉक में बनाई जाएगी। अभी मौजूदा बिल्डिंग में एक ही ब्लॉक में वार्ड, एडमिनिस्ट्रेशन, ट्रामा सेंटर सभी शामिल हैं। नई बिल्डिंग तल मंजिल सहित नौ मंजिला होगी। बिल्डिंग बनाने के लिए जिस जगह का चयन किया गया है, वहां से चाचा नेहरू, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, कैंसर अस्पताल काफी नजदीक रहेंगे। ऐसे में मरीजों को अस्पतालों में आने-जाने में भी सुविधाएं मिलने लगेंगी।

वर्तमान में एमवायएच की बेड क्षमता 1150 बेड की है। जर्जर होने के कारण अस्पताल की बिल्डिंग की दीवारों में अब जगह-जगह सीलिंग की समस्या आने लगी है। हाल ही लोक निर्माण विभाग ने भी इस पुरानी बिल्डिंग के रिनोवेशन की रिपोर्ट बनाई है। मप्र भवन निर्माण कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा नियुक्त एजेंसी डिजाइन ऐड फोरम कंसल्टेंट न्यू दिल्ली ने काम शुरू कर दिया है। बिल्डिंग के साथ ही नया 550 बेड का नर्सिंग होस्टल, स्टाफ और मरीजों के अटेंडर के लिए वाहन पार्किंग का भी निर्माण प्रस्तावित है। 1700 बेड के अस्पताल निर्माण से मरीजों को फायदा मिलेगा। इंदौर का 77 साल पुराना एमवाय अस्पताल अब खुद बीमार और जर्जर होता जा रहा है। यह अस्पताल अंदर और बाहर दोनों ही ओर से कई समस्याओं से घिरा हुआ है।

# विजयवर्गीय की नसीहत : महिलाएं भोजन बनाते समय मोबाइल बंद रखें, पुरुष घर की लक्ष्मी का सम्मान करें

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर ●** परदेसीपुरा के इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्पलेक्स के पास वृद्धाश्रम समाज कल्याण परिसर में इस साल भी दीपावली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, नगर निगम जन कार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर सहित कई लोग शामिल हुए।

सभी यहां वृद्धजन के साथ मिलकर दीपावली मनाई। स्कूल के बच्चे भी शामिल हुए। आयोजन की शुरुआत में पौधरोपण किया गया। पटाखे फोड़े गए। मंत्री विजयवर्गीय ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। यहां मौजूद कई लोगों ने भजनों की प्रस्तुति भी दी। अंताक्षरी का भी आयोजन किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस दौरान मंच से भाषण भी दिया। कहा कि दीपावली का एक यह भी संदेश है कि घर की लक्ष्मी को हमेशा प्रसन्न करके रखो। समझ रहे हो आप लोग। अभी साड़ी लेकर जाना। उन्होंने कहा कि महिलाएं भोजन बनाते समय मोबाइल बंद रखें। इस दौरान उन्होंने विधायक रमेश मेंदोला की चुटकी भी ली। कहा कि अब रमेश जी क्या ले जाएंगे। चक्कर ये है, किसके लिए ले जाएंगे। मंत्री विजयवर्गीय ने लोगों से कहा कि कुल मिलाकर घर की लक्ष्मी को प्रसन्न रखना है। घर में साफ-सफाई रखना, घर को पवित्र रखना। आप किस जाति, धर्म, संप्रदाय के है ईश्वर को कुछ लेना देना नहीं है। ईश्वर वहां जाते हैं, जहां प्रसन्नता होती है, भावना बहुत अच्छी होती है। मीडिया से चर्चा में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि वास्तव में दीपावली का आनंद ही यहीं आता है।



### अयोध्या दर्शन कराने ले जाएंगे, औषधि वाटिका भी तैयार

एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर ने बताया कि मंत्री विजयवर्गीय के निर्देशानुसार अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने लेकर जाएंगे, इसके लिए योजना भी तैयार की जाएगी। इसके पहले 40 बुजुर्गों को वैष्णोदेवी की यात्रा करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस परिसर के विकास के साथ में औषधि वाटिका भी निर्माण किया है। 151 औषधि के पौधे लगाए हैं। इसकी देखभाल की भी व्यवस्था की गई है।

# 61 किसानों से 4 करोड़ से ज़्यादा की ठगी, तीन गिरफ्तार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**उज्जैन ●** नागदा पुलिस ने 61 किसानों से खरीदी गई फसल के बदले कुल 4.37 करोड़ रुपये का भुगतान न करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों ने उज्जैन जिले के पाँच इलाकों - नागदा, महिदपुर, खाचरोद उन्हेल और जावरा - के 61 किसानों के साथ लेन-देन किया। एसएसपी ग्रामीण अभिषेक रंजन ने बताया कि 61 किसानों ने नागदा पुलिस से संपर्क किया और 4.37 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि तीन लोगों ने भुगतान का वादा करके उनसे फसल खरीदी थी, लेकिन भुगतान नहीं किया।

जांच के बाद, पुलिस ने सौरभ मोदी, राजेश और छग्गू के खिलाफ मामला दर्ज किया। बाद में, तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने फसल बेचकर मिले पैसों से प्लॉट और आभूषण खरीदे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के मकान के दस्तावेज़, लगभग 30 लाख रुपये कीमत का एक प्लॉट, एक पिकअप गाड़ी और एक कार बरामद की है।

## सम्पादकीय

### संवाद की जगह थप्पड़, दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रा का 'दुस्साहस' गुरु-शिष्य मर्यादा पर सवाल

दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रा द्वारा प्रोफेसर को थप्पड़ मारने की घटना ने गुरु-शिष्य मर्यादा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। क्या संवाद की संस्कृति खत्म हो रही है? किसी भी विवाद का हल संवाद के सहारे और मिल-बैठ कर निकाला जा सकता है। मगर दिल्ली विश्वविद्यालय के भीमराव आंबेडकर कालेज में जो हुआ, उसे किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। गौरतलब है कि कालेज की अनुशासन समिति की बैठक में छात्र संघ की एक पदाधिकारी ने सार्वजनिक रूप से शिक्षक से दुर्व्यवहार किया। सवाल है कि पुलिस की उपस्थिति में छात्रा के भीतर यह दुस्साहस कहां से आया कि उसने समस्या पर संवाद करने के बजाय प्रोफेसर पर थप्पड़ चला दिया। इसके बाद स्वाभाविक ही दिल्ली विश्वविद्यालय को जांच समिति बनानी पड़ी और कालेज की ओर से भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। छात्र संघ की पदाधिकारी के रूप में छात्रा अगर विद्यार्थियों की समस्याएं लेकर कालेज में गई थी, तो क्या उसका समाधान किसी से दुर्व्यवहार करना हो सकता है? ऐसा करने वाली छात्रा को क्या यह ध्यान रखने की जरूरत नहीं थी कि वह एक विद्यार्थी के साथ-साथ छात्र संगठन में अहम दायित्व निभा रही है? उसे इस बात का अहसास क्यों नहीं हुआ कि उसका यह व्यवहार उसे हर तरह से कठघरे में खड़ा करता है। अगर उसके पास कोई समस्या या शिकायत थी, तो वह मामले को उच्च स्तर पर उठा सकती थी। शिक्षक पर हाथ उठा कर उसने न केवल कानून की परवाह नहीं की, बल्कि गुरु-शिष्य मर्यादा का भी उल्लंघन किया। बहरहाल, मामले के तूल पकड़ने के बाद छात्रा ने माना कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। सवाल है कि अपनी भूमिका के प्रति वह इतनी लापरवाह कैसे हो गई। आरोप-प्रत्यारोप में जो बातें कही गईं, उसकी सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी। मगर इस हकीकत को दरकिनार नहीं किया सकता कि संबंधित शिक्षक कालेज की अनुशासन समिति के संयोजक होने के नाते छात्रों की समस्याओं का हल निकालने ही बैठे थे। कालेज परिसर में ऐसी घटना बताती है कि शिक्षकों के प्रति सम्मान और विश्वास की कितनी कमी होती जा रही है। वहीं नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने और भविष्य में नेतृत्व देने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को अपने व्यवहार को विवेक के साथ संयमित रखना चाहिए और खासतौर पर किसी समस्या के समय अपनी परिपक्वता का परिचय देना चाहिए।

# अफगानिस्तान के मामले में भारत ने जिस तरह की भूमिका ली है, उससे मुस्लिम देशों में उसकी साख बढ़ी है



जिस तेजी से विश्व राजनीतिक परिदृश्य पर नई दोस्ती एक साथ आ रही है और पुरानी दोस्ती टूट रही है, उससे यह जानना मुश्किल है कि किसे दोस्त माना जाए और किसे दुश्मन माना जाए। जिस अमेरिका के साथ भारत ने पिछले 25 सालों से संबंधों को मजबूत करने की कोशिश की है और अमेरिका से पूरी प्रतिक्रिया मिली है, उसने भारत के दुश्मन नंबर पाकिस्तान को चूमना शुरू कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुश्मनों के बजाय दोस्तों को प्रताड़ित कर रहे हैं। वे सौदों में रुचि रखते हैं और प्रक्रिया से नफरत करते हैं। इसलिए, यह स्वाभाविक है कि वे भारत की तुलना में तानाशाही के रास्ते पर चलने वाले पाकिस्तान को अधिक पसंद करते हैं, जो लोकतांत्रिक मार्ग पर चलता है।

उधर पाकिस्तान जो लंबे समय से खुद को इस्लामिक जगत का लीडर बताता रहा है और यह मानता रहा है कि सभी मुस्लिम देश हर मुद्दे पर उसका साथ देंगे। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) में उठाने की उसकी कोशिशें इस रणनीति का हिस्सा रही हैं। लेकिन हाल के घटनाक्रम और OIC के भीतर से ही भारत को लेकर नरम होते रुख ने पाकिस्तान को परेशान कर दिया है। जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर या अफगानिस्तान के साथ सीमा पर तनाव के दौरान देखा गया। तुर्की और अजरबैजान को छोड़कर ज्यादातर प्रमुख मुस्लिम देशों ने पाकिस्तान का खुला समर्थन नहीं किया। यहां तक कि उसके पारंपरिक सहयोगी सऊदी अरब और यूएई ने भी भारत के साथ रिश्तों को तवज्जो दी।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ दिनों से खींचतान चल रही है और इस कड़वाहट के खत्म होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पाकिस्तान के बराबर दक्षिण एशिया में कोई और अधिक परेशानी वाला देश न हो, यह आवश्यकता तब और भी स्पष्ट हो जाती है जब बांग्लादेश जैसा पुराना सहयोगी अफगानिस्तान में तालिबान शासकों के प्रति शत्रुतापूर्ण हो जाता है। दूसरा, हमें एक नकदी व्यापारी बनने की आवश्यकता है, चाबहार का बंदरगाह जिसे हम ईरान में विकसित कर रहे हैं, जिसके लिए मध्य एशिया के लिए व्यापार मार्ग सुनिश्चित करने के लिए तालिबान की अनुकूलता की आवश्यकता है। यह है। पिछले साल जून में पाकिस्तान और चीन के विदेश मंत्रियों ने काबुल में मुलाकात की थी और अफगानिस्तान के माध्यम से पाकिस्तान-चीन आर्थिक गलियारे के विस्तार पर चर्चा की थी। एक व्यापार मार्ग को चुनौती देने के लिए, यह जरूरी है कि दूसरा व्यापार मार्ग चालू हो जाए। अगर वह बनना चाहता था, तो उसे तालिबान के साथ सुलह करनी होगी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान इस समय गहन टकराव में लगे हुए हैं, और बेहतर है कि वे इस भ्रम में न रहें कि वे दोनों तरफ से पाकिस्तान को घेरने में सक्षम होंगे क्योंकि तालिबान के पास पाकिस्तान को घेरने के लिए सैन्य ताकत नहीं है, और इस क्षेत्र में चीन के व्यापारिक हितों के कारण, अगर संघर्ष एक निश्चित बिंदु से आगे बढ़ जाता है तो चीन मध्यस्थता करेगा भारत को इसके लिए इंतजार नहीं करना चाहिए और सतर्क कदम उठाने चाहिए। तालिबान की इस गारंटी का स्वागत किया जाएगा कि वे अफगान धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों की अनुमति नहीं देंगे, जिसके बाद वहां निवेश बढ़ाना होगा, जो खैबर दर्रे की ओर जाता है, जिसने दर्रे को पार करने वाली महान शक्तियों के अपमान को देखा है, और केवल खैबर दर्रे में सावधानी का यह खेल खेलने की सलाह दी जाती है।

यूएई और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देश अब पाकिस्तान की कश्मीर केंद्रित कूटनीति से दूरी बना रहे हैं। ये देश अब अपनी ऊर्जा जरूरतों, निवेश, व्यापार और प्रवासी भारतीयों की विशाल संख्या के कारण भारत को एक महत्वपूर्ण साझेदार मानते हैं। हाल ही में, यूएई और सऊदी अरब ने पाकिस्तान के कुछ शहरों के नागरिकों को वीजा देने पर प्रतिबंध लगाने जैसे कदम उठाए हैं, जो पाकिस्तान के प्रति उनके बदलते नजरिए को दर्शाते हैं। ये देश भारत में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहे हैं और भारत के साथ स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप बढ़ा रहे हैं।

मुस्लिम मुल?क, खासकर खाड़ी देश अब अपनी अर्थव्यवस्थाओं की निर्भरता तेल से हटाकर इन्वेस्टमेंट पर करना चाहते हैं। भारत की मजबूत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था उनके लिए एक आकर्षक बाजार और इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन है। वे आतंक, अस्थिरता और संघर्ष की राजनीति से दूर हटकर लंबे समय तक वाली आर्थिक साझेदारी चाहते हैं, जो सिर्फ भारत उन्हें दे सकता है। यही वजह है कि मुस्लिम देशों में भारत को लेकर नजरिया काफी हद तक बदल गया है। अब वे पाकिस्तान के मुकाबले भारत को एक ज्यादा स्थिर, आर्थिक रूप से मजबूत और भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखते हैं। 1, भारत, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और खाड़ी देशों के लिए एक बड़ा व्यापारिक भागीदार है। लाखों भारतीय प्रोफेशनल्स खाड़ी देशों की इकोनॉमी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहरीन, ‹श्व, फिलिस्तीन और सऊदी अरब जैसे देशों से सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलना, इन देशों के साथ भारत के प्रगाढ़ होते संबंधों को दर्शाता है। 2, मिस्र के साथ भारत के संबंध अशोक के शिलालेखों तक पुराने हैं। महात्मा गांधी और साद जघलौल ने दोनों देशों के रिश्तों को एक नया मुकाम दिया था। इस तरह के गहरे सभ्यतागत संबंध कई मुस्लिम देशों के साथ भारत के हैं, जो केवल धर्म पर आधारित नहीं हैं, बल्कि इतिहास और साझा मूल्यों पर टिके हैं।3, तुर्की और पाकिस्तान के बीच सैन्य सहयोग भारत के लिए चिंता का विषय रहा है, लेकिन दूसरी तरफ, भारत कई अरब देशों के साथ सैन्य अभ्यास और रक्षा सहयोग बढ़ा रहा है। यह जियोपॉलिटकल बैलेंस को भारत के पक्ष में झुकाता है।

अफगानिस्तान के मामले में भारत ने जिस तरह की भूमिका ली है, उससे मुस्लिम देशों में साख बढ़ी है। भारत वहां अरबों डॉलर का इन्वेस्टमेंट किया है। स्कूल, सड़कें और यहां तक कि अफगान संसद भवन का निर्माण भी कराया। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भी भारत ने इंगेजमेंट विदाउट रिकॉग्निशन की नीति अपनाई और काफी मदद की।भारत की इस नीत? ने अफगानिस्तान के लोगों का दिल जीत लिया। पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच तालिबान के साथ भारत का 'टेक्निकल मिशन' के माध्यम से सीमित जुड़ाव पाकिस्तान के विरोधियों के साथ संबंध बनाने की चाणक्य नीति जैसा है, जिससे मुस्लिम देशों में भी भारत की कूटनीतिक कुशलता का संदेश जाता है।

फिलिस्तीन का मुद्दा मुस्लिम देशों के लिए दिल से जुड़ा हुआ है। चाहे ईरान हो, कतर, मिस्र, सऊदी या फिर यूएई सब वहां शांत? चाहते हैं। एक स्वतंत्र फिलिस्तीन बनाने की ख्वाहिश रखते हैं। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया अमेरिका के आगे जी हजूरी करने में लगी है, भारत फिलिस्तीन की आवाज बनकर डटकर खड़ा है। लगातार अमीर देशों को चेता रहा है कि फिलिस्तीन की बात सुने। फिलिस्तीन से किए वादे पूरे करो। भारत ने वहां मदद भी भेजी है। इन सब चीजों ने मुस्लिम देशों को भारत के साथ जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। मिस्र के विदेश मंत्री का यह दौरा स्वयं भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है। इसके अलावा, खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर बातचीत तेज होना भारत के साथ रिश्तों की नई कहानी कहता है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### आदेश को एक साल, पदस्थापना अब तक नहीं हुई, हक से वंचित कर्मचारी



**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**
जनजातीय कार्य विभाग के लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ ऐसा प्रशासनिक खेल हुआ, जिससे वे एक आदेश के बावजूद अपने हक से वंचित रह गए। विभाग ने सहायक ग्रेड-3 से ग्रेड-2, ग्रेड-2 से लेखापाल और चतुर्थ श्रेणी से ग्रेड-3 तक के लिए उच्च प्रभार आदेश तो निकाल दिए, लेकिन पदस्थापना आज तक नहीं की। इसके उलट शिक्षकों की पदस्थापना इन्हीं आदेशों के बाद केवल 15 दिन में पूरी कर दी गई। कर्मचारियों का कहना है शासन हमें उच्च पद का वेतन तो दे रहा है, पर जिम्मेदारी नहींज आखिर ऐसा भेदभाव क्यों?

जानकारी के अनुसार 8 सितंबर 2023 को आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग भोपाल से आदेश आया कि जिला और संभाग स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को उच्च पद का प्रभार देकर दो हफ्तों में पदस्थापना की जाए। इस आदेश के पालन में जिला कार्यालय ने भी फरवरी और अगस्त 2025 में प्रभार संबंधी आदेश निकाल दिए। इसके बाद पात्र कर्मचारियों से 21 अगस्त तक विकल्प भी बुला लिए गए। सभी ने समय पर विकल्प जमा कर दिए, लेकिन इसके बाद फाइल ठंडी पड़ गई। जो अब तक आगे ही नहीं बढ़ पाई। प्रक्रिया में कोई अतिरिक्त खर्च नहीं, फिर भी अटकी है फाइल तीन लिपिक सेवानिवृत्त, 4 का हुआ ट्रांसफर काउंसलिंग कर ली गई है

पदस्थापना में देरी का सबसे बड़ा खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा जो या तो सेवानिवृत्त हो गए या फिर अन्य जिलों में ट्रांसफर हो गए। इनमें मंगला श्रीवास्तव, रजनी जाधव और लक्ष्मण नरगावे जैसे वरिष्ठ कर्मचारी शामिल हैं। जबकि योगेश परिहार, शैलेंद्र सोनवानी, लोकेंद्र रावत और देवेंद्र सिरसाम का स्थानांतरण हो चुका है। इसी तरह सात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी एक साल से उच्च पद का वेतन पाने के बावजूद उसी पुराने पद पर ही काम कर रहे हैं।

### बिस्तर में घुसी 6 फीट लंबी नागिन-खरगोन में सर्पमित्र ने एक घंटे में रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल छोड़ा

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**
खरगोन के देवली में धनतेरस की रात एक परिवार के बिस्तर में 6 फीट की नागिन घुस गई। परिवार के सदस्यों ने नागिन को देखकर हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सर्पमित्र ने लगभग एक घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। यह घटना राकेश सांवले के घर पर हुई। उन्होंने बताया कि धनतेरस की पूजा के बाद रात करीब 10 बजे वे अपनी पत्नी अनीता और बेटियों दिव्या, प्रियांशी, रिमझिम व वैशाली के साथ बिस्तर पर गए। बच्चियां सो चुकी थीं, तभी उनकी पत्नी की नजर नागिन पर पड़ी। पहले उन्होंने इसे चूहा समझा, लेकिन अधिक हलचल देखकर उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य बिस्तर छोड़कर घर से बाहर भागे।

### दिवाली बोनस न मिलने पर अस्पताल में 7 घंटे प्रदर्शन-मेडिकल कॉलेज डीन ने कंपनी मैनेजर को नोटिस दिया

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**
खंडवा में दिवाली बोनस न मिलने पर मेडिकल कॉलेज के करीब 300 कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में 7 घंटे प्रदर्शन किया। रविवार को प्रदर्शन में सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, नान-टीचिंग और टीचिंग स्टाफ शामिल रहे। कॉलेज के डीन ने कंपनी के मैनेजर को नोटिस जारी किया है।



दरअसल कर्मचारियों का कहना था कि कंपनी समय पर वेतन और बोनस नहीं दे रही है। आधा महीना बीतने के बाद भी वेतन नहीं मिला, अवकाश की राशि अप्रैल, मई से लंबित है और दिवाली बोनस भी इस बार जारी नहीं हुआ। कर्मचारियों ने बताया कि रुपए न मिलने के कारण वे त्योहार की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं, बच्चों के लिए पटाखे और घर की खरीदारी तक नहीं हो सकी है। धरने के चलते अस्पताल का कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। वार्ड ब्वाय नहीं होने से मरीजों को परेशानी हुई, सुरक्षा गार्डों के अभाव में सुरक्षा व्यवस्था गड़बड़ा गई, वहीं कंप्यूटर ऑपरेटरों के नहीं रहने से मरीजों की पर्ची और जांचें भी समय पर नहीं हो सकीं। दोपहर करीब दो बजे सीएमएचओ डॉ. ओपी जुगतवात के मौके पर पहुंचने और 22 अक्टूबर तक वेतन व बोनस देने के लिखित आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त किया।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 22 अक्टूबर तक वेतन और बोनस नहीं मिला, तो वे फिर से आंदोलन करेंगे। मेडिकल कालेज के डीन डॉ. संजय दादू ने कर्मचारियों के धरना देने पर कंपनी के मैनेजर को नोटिस जारी किया है। कंपनी के जवाब के बाद कर्मचारियों को 22 अक्टूबर तक वेतन और बोनस देने का आश्वासन दिया गया है।

### श्रमिकों ने बढ़ी मजदूरी न मिलने पर जताया विरोध-बुरहानपुर में श्रम अधिकारी बोले-मामला कोर्ट में, बैठक कर निकालेंगे हल

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**
बुरहानपुर के उद्योग नगर के श्रमिक बढ़ी हुई मजदूरी का भुगतान न होने से नाराज होकर रविवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। अवकाश का दिन होने के कारण वहां कोई अधिकारी मौजूद नहीं था, जिसके बाद श्रमिकों ने श्रम अधिकारी से चर्चा की। उद्योग नगर एकता श्रमिक संघ के अध्यक्ष युनूस जमाल ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित बढ़ा हुआ वेतनमान 1 अक्टूबर 2025 से लागू नहीं किया जा रहा है। श्रमिकों की मांग है कि सभी साइजिंग और प्रोसेस इकाइयां उन्हें बढ़ा हुआ वेतन दें। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को साप्ताहिक वेतन का भुगतान करते समय कुछ बढ़ा हुआ वेतन दिया गया था, जिससे श्रमिकों में उम्मीद जगी थी। हालांकि, शनिवार को नियोक्ताओं ने बताया कि जबलपुर में मामला लंबित होने के कारण बढ़ा हुआ वेतन कम किया जा रहा है। श्रमिकों का कहना है कि मध्य प्रदेश वेतन भुगतान अधिनियम के तहत बढ़े हुए वेतन को कम नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि बुरहानपुर टेक्सटाइल एसोसिएशन उनकी जायज मांग को नहीं मानकर त्योहार के समय उन्हें परेशान कर रहा है। उद्योग नगर में लगभग 5 से 7 हजार श्रमिक कार्यरत हैं, जो इस मुद्दे से प्रभावित हैं। बुरहानपुर टेक्सटाइल का एक प्रमुख केंद्र है और श्रमिक चाहते हैं कि उद्योग चलते रहें, लेकिन उनके अधिकारों का भी सम्मान हो। इस संबंध में सहायक श्रम पदाधिकारी कन्हैया लाल मोरे ने बताया कि उद्योगों की ओर से इस मामले में कोर्ट में केस लगाया गया है, जो अभी लंबित है।

### केला फसल बीमा न मिलने से किसान ने त्यागी शर्ट-चप्पल-जब तक बीमा योजना लागू नहीं होगी, तब तक ऐसे ही रहूंगा

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**
बुरहानपुर जिले के खकनार गांव में एक किसान ने केला फसल बीमा का लाभ न मिलने के विरोध में अपनी शर्ट और चप्पल त्याग दी। किसान ने संकल्प लिया है कि जब तक उनकी केला फसल पर बीमा योजना लागू नहीं हो जाती, तब तक वे बिना शर्ट और चप्पल के रहेंगे। खकनार निवासी किसान किशोर वासनकर ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले भारतीय किसान संघ के माध्यम से केला फसल पर बीमा लाभ देने की मांग की थी। यह मांग अब तक पूरी नहीं हुई है, जिसके कारण उन्होंने रविवार को विरोध स्वरूप अपनी शर्ट और चप्पल उतार दी। किसान वासनकर ने बताया कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में किसानों को केला फसल पर बीमा का लाभ मिल रहा है, लेकिन बुरहानपुर जिले में यह योजना लागू नहीं है।उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण जिले के किसानों की दीपावली फीकी पड़ गई है और वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से इस समस्या का शीघ्र निराकरण करने की अपील की। किसान के अनुसार, केले की




फसल पर प्रति पौधा कम से कम 100 से 150 रुपए की लागत आती है, जबकि बाजार में केला 2, 3 या 5 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। इससे किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही है। उन्हें उपज के सही दाम नहीं मिल रहे हैं और न ही बीमा योजना का लाभ मिल रहा है। किशोर वासनकर ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि केले की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्त्स्क) पर बिके। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक बीमा योजना लागू नहीं होती, तब तक वे कपड़े नहीं पहनेंगे, क्योंकि उनके क्षेत्र में कपड़े खरीदने के लिए भी पैसे नहीं हैं।

### आदिवासी छात्रा से छेड़छाड़ और गुंडागर्दी-युवती पर धर्म बदलने का बनाया दबाव

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**
खंडवा में हॉस्टल में रहने वाली एक आदिवासी छात्रा के साथ छेड़छाड़ और धर्म बदलने के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। 19 साल की छात्रा ने आरोप लगाया कि आरोपी समीर खान ने उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। पीड़िता का कहना है कि समीर पिछले एक महीने से उसका पीछा कर रहा था और उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव डाल रहा था ताकि वह उससे शादी कर सके। छात्रा की शिकायत पर मोघट रोड थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे आनंदनगर मेन रोड पर से जा रही थी, तभी समीर खान बाइक से वहां पहुंचा। आरोपी ने पीड़िता का हाथ पकड़ लिया और कहा कि वह तब उसका पीछा करना छोड़ेगा जब वह हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम बन जाएगी और उससे शादी करेगी।

# शमी ने रणजी में शानदार प्रदर्शन कर चयनसमिति को करारा जवाब दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में बंगाल की ओर से शानदार गेंदबाजी कर एक बार फिर भारतीय टीम में वापसी के लिए दावेदारी पेश की है। शमी ने इस मैच की दोनो पारियों में कुल



मिलाकर 7 विकेट लिए। शमी ने इस प्रकार चयन समिति को अपनी फिटनेस के साथ ही फार्म भी दिखाया है। हाल में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने उनके फार्म और फिटनेस पर सवाल उठाये थे और कहा था कि इसी कारण उनके नाम पर विचार नहीं हो रहा है। इसका जवाब उन्होंने अपनी गेंदबाजी से दिया है। शमी ने अंतिम बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। इसके बाद अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भी शमी को शामिल नहीं किया गया है। अब शमी ने अपने प्रदर्शन से दिखाया है कि उनमें अभी क्रिकेट शेष है।

शमी को लेकर प्रबंधन की ओर से लगातार ये कहा जा रहा है कि उनकी फिटनेस ठीक नहीं है। गौरतलब है कि साल 2023 वनडे विश्व कप के बाद से ही शमी चोट के कारण परेशान रहे हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद अपनी फिटनेस पर भी काफी काम किया और चैंपियंस ट्रॉफी में वापसी भी की थी पर इसके बाद भी उनकी फिटनेस पर सवाल उठे हैं। इस पूरे मामले पर शमी का मानना है कि अगर पूरी तरह से फिट नहीं होते तो घरेलू क्रिकेट में कैसे उतरते। साथ ही कहा कि कि वह पूरी तरह से फिट हैं। शमी की शानदार गेंदबाजी से बंगाल ने उत्तराखंड को 8 विकेट से हरा दिया

# ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय में भारत को सात विकेट से हराया

**पर्थ (एजेंसी)** • ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित पहले एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भारतीय टीम को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बारिश की बाधा के कारण मैच 26-26 ओवर का कर दिया गया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल के 38 और अक्षर पटेल के 31 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 136 रन बनाए। इसके बाद डकवर्थ लुइस प्रणाली से मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत के लिए 131 रनों का लक्ष्य मिला जिसे उसने 21.3 ओवर में ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस मैच में कप्तानी कर रहे मिचेल मार्श ने 46 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी। मार्श के अलावा जोश फिलिप ने 37 और रेन शॉ ने 21 रन बनाए।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। सात माह बाद वापसी करते हुए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा असफल रहे और केवल 8 रन ही बना पाये। कप्तान शुभमन गिल भी 10 रनों बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। विराट कोहली भी शून्य पर ही आउट हो गये।



श्रेयस अय्यर भी इस मैच में रन बनाने में विफल रहे। राहुल ने सबसे अधिक 38 और अक्षर ने 31 रन बनाए। इस मैच में डेब्यू कर रहे ऑलराउंडर नीतिश कुमार भी 19 रन ही बना पाये। मेजबान टीम की ओर से जेश हेजलवुड, मिचेल ओवेन और मैथ्यू कुहनेमन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क और नाथन एलिस को 1-1 विकेट मिला।

## सिने जगत

# चार साल बाद इशिता की बड़े पर्दे पर वापसी

**मुंबई (एजेंसी)** • चार साल के लंबे अंतराल के बाद अभिनेत्री इशिता दत्ता बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। इशिता दत्ता जल्द ही फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग उन्होंने उस समय शुरू की थी जब वह गर्भवती थीं। उन्होंने बताया कि यह उनके जीवन का बेहद चुनौतीपूर्ण दौर था, लेकिन उन्होंने अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट को निभाते हुए फिल्म की शूटिंग पूरी की। इशिता ने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर शूटिंग के दौरान छिपाई थी ताकि काम पर इसका कोई असर न पड़े। अब दो बच्चों बेटे वायु और बेटी वेदा की मां बनने के बाद यह उनकी पहली फिल्म है जो रिलीज़ होने जा रही है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म के पोस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और लिखा, इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हूं। दोनों बच्चों के बाद यह मेरी पहली फिल्म है। शूटिंग के दौरान मैं प्रेग्नेंट थी। चार साल बाद वापसी करना एक नई शुरुआत जैसा लग रहा है। आप सभी का आशीर्वाद चाहिए उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी कहा कि शायद वह पोज देना भूल गई हैं। हाल ही में 'दे दे प्यार दे 2' का ट्रेलर रिलीज़ हुआ, जिसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। कहानी एक ऐसी लड़की आयशा के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक ऐसे व्यक्ति से प्यार करती है जो उम्र में उससे काफी बड़ा है।



# दिवाली पर मिठाइयों में डूब जाना ही मेरा प्लान है – पारुल

**मुंबई (एजेंसी)** • दीपावली का त्योहार अभिनेत्री पारुल गुलाटी अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ धूमधाम से मनाने वाली हैं। पारुल ने बताया कि इस बार वह त्योहार के दिन परिवार संग घर पर रहेंगी, लेकिन उससे पहले दोस्तों की दिवाली पार्टियों में शामिल होकर खूब मस्ती करने की योजना है। उनके लिए दीपावली सिर्फ एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि नए साल तक चलने वाला एक लंबा जश्न है। पारुल ने मुस्कुराते हुए कहा, दीपावली से पहले कुछ दोस्तों की पार्टियों में जाऊंगी और वहां ढेर सारी मिठाइयां खाने का इंतज़ार कर रही हूं। मुझे लगता है कि जब मुंह में एक मिठाई जाती है, तो वहीं रुकना मुश्किल होता है। फिर तो खाते ही रहना पड़ता है। उन्होंने मजाकिया अंदाज़ में जोड़ा, इस पूरे फेस्टिव सीज़न में मेरा कोई फिटनेस प्लान नहीं है।

इस दौरान मैं खुद को मिठाइयों और स्वादिष्ट पकवानों में पूरी तरह डुबो देना चाहती हूं, बस यही मेरा असली प्लान है। अभिनेत्री ने आगे बताया कि हर साल दीपावली के बाद वह अपनी नानी के घर जाती हैं और एक हफ्ते तक परिवार के साथ समय बिताती हैं। यह परंपरा उनके लिए बेहद खास है, जिसे वह हर साल निभाती हैं। पारुल ने कहा, जब तक त्योहार खत्म नहीं हो जाते, फिटनेस के बारे में सोचने का सवाल ही नहीं उठता। ये वक्त सिर्फ खुश रहने और अपनों के साथ जश्न मनाने का होता है।



## उज्जैन संभाग

# सीएम ने किसानों को बांटे 265 करोड़ रुपए, बोले- कांग्रेसी मोटी चमड़ी के इन्हें समझ नहीं आता

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन जिले की तराना तहसील में अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन फसल के लिए किसानों को 265 करोड़ रुपए की राहत राशि वितरित की। यह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में डाली गई। कार्यक्रम तराना कृषि उपज मंडी में आयोजित हुआ।

### सरकार को किसानों की चिंता

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की है। फूल स्टाफ बाढ़ का पानी उतरने के बाद ही किसानों को खराब हुई फसलों की राशि दी गई। हमारी सरकार किसानों की प्रतिबद्धता है। किसान बढ़ आंधी तूफान में पसीना बहाता है। कभी-कभी परमात्मा परीक्षा लेते हैं और बाढ़ आ जाए तो फसल बिगड़ती है। लेकिन चिंता की बात नहीं किसने की चिंता हमारी सरकार करती है।

### कांग्रेसी नेता मोटी चमड़ी के

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने राहुल गांधी पर निशाना चाहते हुए कहा कि राहुल गांधी कहते हैं आलू लगाओ तो सोना निकलेगा। लेकिन आज तक सोना नहीं निकला। कांग्रेस के नेता भोपाल में सोयाबीन को लेकर आंदोलन कर रहे थे, लेकिन अपने साथ गेहूं की बोरी ले गए। कांग्रेस नेताओं को सोयाबीन और गेहूं का फर्क भी नहीं मालूम। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता मोटी चमड़ी के हो गए, जिन्हें समझ में नहीं आता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने तय किया है जहां भी किसानों को कष्ट हुआ है, फासले बिगड़ी है सरकार ने किसानों के खाते में राहत राशि डाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 47 साल राज किया लेकिन किसान सम्मन निधि आज तक नहीं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सरकार ने किसानों को सम्मान निधि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने लाडली बहनों के खातों में राशि डाली। अब जल्दी ही भाई दूज के बाद बहनों को ?1500 की राशि दी जाएगी।

# 'महाकाल बैंड'-आरती से पहले गूंजेगी भजन और मंत्रों की धुन, बैंड में 30 लोग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में पहली बार भक्त आरती से पहले भजन और मंत्रों की बैंड धुनों का आनंद ले सकेंगे। यह प्रयोग बारह ज्योतिर्लिंगों में पहली बार उज्जैन के महाकाल मंदिर में शुरू किया जा रहा है। मंदिर प्रशासन ने इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली है और जल्द ही आरती से पहले श्रद्धालु बैंड की मधुर प्रस्तुति सुन सकेंगे। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि महाकाल मंदिर समिति का खुद का एक बैंड बनाया जा रहा है, जिसमें 21 से 30 कलाकार शामिल होंगे। यह बैंड रोजाना मंदिर में होने वाली आरतियों से पहले अपनी प्रस्तुति देगा। बैंड की प्रैक्टिस महाकाल लोक में शुरू कर दी गई है। फिलहाल ट्रायल बेस पर इसे दिवाली तक शुरू करने की योजना है। मंदिर में रोजाना पांच आरतियां होती हैं। पहली भस्म आरती सुबह 4 बजे और आखिरी आरती रात 10:30 बजे। ऐसे में एक ही दल का सुबह से रात तक प्रदर्शन करना संभव नहीं है। इसलिए, फिलहाल यह तय किया जा रहा है कि किन आरतियों से पहले बैंड प्रस्तुति देगा।

# फूलों के बढ़े दाम:गेंदा 80, सेवंती 200 गुलाब 300 रुपए किलो तक बिक रहा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • रविवार को उज्जैन की श्री महाकालेश्वर थोक फूल मंडी दूध तलाई में फूलों के दाम बढ़ गए। गेंदा 60 से 80 रुपए, सेवंती 160 से 200 रुपए और गुलाब 150 से 300 रुपए प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। कमल के फूल 15 से 20 रुपए प्रति नग चल रहे है। दीपावली महापर्व पर सुगंधित फूलों की सर्वाधिक मांग रहती है। लक्ष्मी पूजन के लिए घरों, मंदिरों, कारखानों और प्रतिष्ठानों में सजावट के लिए गुलाब और गेंदा जैसे फूलों की विशेष जरुरत होती है। बाजार में फूलों की मांग धनतेरस से ही बढ़ जाती है इस बार थोक फूल मंडी में ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य जिलों से फूलों की आवक अधिक रही। इसके बावजूद दामों में तेजी देखी गई। महादेव पुष्प भंडार के थोक फूल व्यवसायी सुनील पुष्प ने बताया कि फूलों के अच्छे भाव मिलने से किसानों को भी लाभ हुआ है।



उज्जैन मंडी से फूलों की आपूर्ति अन्य राज्यों में भी की जाती है।

### फूलों की लड़ी भी मिल रही

शहर में कई स्थानों पर खुले फूल और फूलों से बनी लड़ियों की भी बिक्री हो रही। खुदरा बाजार में अच्छी किस्म का गेंदा 100 रुपए प्रति किलोग्राम और फूलों की लड़ी 130 रुपए प्रति किलोग्राम बिकी। तैयार पुष्पमालाओं के दाम 50 रुपए से 150 रुपए तक रहे। मंडी में किसान लेमन गेंदा, केसरिया गेंदा, कलकत्ता गेंदा, सेवंती, डिवाइन गुलाब और देसी गुलाब जैसी अलग-अलग किस्में लेकर आए थे।

# दिवाली से पहले पकड़ी नकली मावा फैक्ट्री -खाद्य विभाग ने किया 1 लाख रुपए का माल नष्ट, शाजापुर भेजने की थी तैयारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • दिवाली पर्व के दौरान हर घर में दूध और मावा से बने पकवानों का माता लक्ष्मी को भोग लगाया जाता है। त्योहार का फायदा उठाकर कुछ लोग नकली मावा व उससे मिठाई बनाकर बाजार में बेचने का प्रयास कर रहे है। दीपावली के एक दिन पहले रविवार को खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए ग्राम बदरखा से बड़ी मात्रा में मिलावटी मावा व अन्य सामग्री जब्त की। मामले में चिमनगंज मंडी पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

इस कार्रवाई में विभाग की टीम ने 160 किलो दूध रहित पाउडर, 225 किलो वनस्पति और 20 किलो तैयार नकली मावा जब्त किया। मौके पर ही सभी मिलावटी सामग्री को नष्ट कराया गया। नकली मावा बनाने का काम रिजवान पटेल के घर के पीछे चल रहा था।

### बिना लाइसेंस चल रही थी फैक्ट्री

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत दत्त शर्मा ने बताया कि यह अवैध मावा फैक्ट्री गांव के अंदरूनी हिस्से में चल रही थी। यहां मावा तैयार करने के लिए किसी भी प्रकार का लाइसेंस या अनुमति नहीं ली गई थी। जांच के दौरान टीम ने मौके पर फैक्ट्री को सील कर दिया।



### शाजापुर भेजा जा रहा था नकली मावा

बसंत दत्त शर्मा ने बताया कि तैयार किया गया नकली मावा शाजापुर भेजा जाता था, जहां इसे बाजार में मिठाई बनाने के लिए खपाया जाता। विभाग ने मौके से जब्त की गई वनस्पति, मिल्क पाउडर और तैयार मावा सहित करीब एक लाख रुपए मूल्य की सामग्री नष्ट कर दी। खाद्य विभाग की शिकायत पर चिमनगंज मंडी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिवाली से बदलेगी बाबा महाकाल की दिनचर्या 4 माह तक गर्म जल से स्नान करेंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** •उज्जैन के महाकाल मंदिर में सभी त्योहारों को देशभर में सबसे पहले मनाने की परंपरा है। तिथियों के घटने-बढ़ने के कारण इस बार 20 अक्टूबर, सोमवार को सुबह रूप चौदस और शाम को दिवाली का पर्व मनाया जाएगा। उज्जैन के महाकाल मंदिर में सभी त्योहारों को देशभर में सबसे पहले मनाने की परंपरा है।

इसी परंपरा के तहत सुबह भस्म आरती के दौरान रूप चौदस पर भगवान महाकाल का गर्म जल से स्नान कराया जाएगा। इसके बाद पुजारी परिवार की महिलाएं भगवान को उबटन लगाएंगी और फुलझड़ी जलाकर दिवाली उत्सव की शुरुआत की जाएगी।

रूप चौदस के अवसर पर वर्ष में केवल एक बार पुजारी-पुरोहित परिवार की महिलाएं इस विशेष श्रृंगार में शामिल होती हैं और बाबा महाकाल का रूप निखारती हैं। इस दिन महिलाओं को ही यह अवसर मिलता है, जिसमें वे सुगंधित द्रव्यों से बाबा के लिए उबटन तैयार करती हैं। इसके बाद विशेष कर्पूर आरती होती है, जो केवल महिलाएं ही संपन्न करती हैं।

दिवाली से पूर्व ही महाकाल मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से जगमग किया जाता है।

दिवाली से पूर्व ही महाकाल मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से जगमग किया जाता है।

केसर, चंदन, इत्र, खस और सफेद तिल का उबटन लगेगा

महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने बताया कि रोशनी के इस पर्व पर सोमवार तड़के चार बजे भस्म आरती के दौरान पुजारी परिवार की महिलाओं द्वारा भगवान महाकाल को केसर, चंदन, इत्र, खस और सफेद तिल का उबटन लगाया जाएगा। भगवान का रूप निखारने के बाद उन्हें पंचामृत पूजन अर्पित किया जाएगा।

इसी दौरान भगवान महाकाल को अन्नकूट का भोग भी लगाया जाएगा। इसके बाद गर्भगृह में पंडित-पुजारी फुलझड़ियां जलाकर दिवाली का पर्व मनाएंगे। दिवाली के अवसर पर महाकाल मंदिर को रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी, फूलों और रंगोली से सजाया गया है।


महाकाल मंदिर के पुजारी महेश गुरु ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराया गया, जिसे अभ्यंग स्नान कहा जाता है। कार्तिक मास की चौदस से सर्दियों की शुरुआत मानी जाती है, इसलिए ठंड से बचाव के लिए भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराने की परंपरा है।


अब ठंड के दिनों में प्रतिदिन भगवान का स्नान गर्म जल से कराया जाएगा। यह क्रम महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा।

# सभी ईष्टमित्रों, क्षेत्रवासियों को दीप पर्व 'दीपावली' की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई...












स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।